प्रेस नोट

सराहनीय कार्य, कानपुर देहात
दिनांक- 28.10.2026

➢ **थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए गैर-इरादतन हत्या की घटना में वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 10.09.2026 को थाना मंगलपुर पर वादी श्री विनोद सिंह पुत्र स्व0 रणविजय सिंह निवासी वार्ड नं0-20 इंदिरानगर झींझक थाना मंगलपुर, जनपद कानपुर देहात द्वारा लिखित तहरीर बावत दिनांक 09.09.2026 को अभियुक्तगण द्वारा वादी के दरवाजे पर आकर गाली- गलौच करना, जान से मारने की धमकी देना व मना करने पर वादी के साथ मारपीट करना तथा मरणासन्न स्थिति में छोड़कर चले जाने के सम्बन्ध में दी गयी। जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 290/26 धारा 115(2)/352/351(3) बीएनएस बनाम 1. दिवारीलाल पुत्र संतलाल, 2. प्रदीप कुमार पुत्र दिवारी लाल, 3. अमित कुमार पुत्र दिवारीलाल, 4. सीता देवी पत्नी दिवारीलाल निवासीगण वार्ड नं0-20 इंदिरानगर झींझक थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। दिनांक 22.09.2026 को दौराने इलाज मजरूब विनोद सिंह उपरोक्त की मृत्यु हो जाने पर विवेचना के क्रम में मुकदमा उपरोक्त में धारा 105/3(5) बीएनएस की वृद्धि की गयी। दिनांक 28.10.2026 को थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिरखास की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त दिवारीलाल उपरोक्त को नहर कोठी के पास कंचौसी- झींझक मार्ग कस्वा झींझक थाना क्षेत्र मंगलपुर जनपद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण –

1. दिवारीलाल पुत्र स्व0 संतलाल उम्र 58 वर्ष निवासी वार्ड नं0-20 इंदिरानगर झींझक थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

अभियुक्त दिवारीलाल उपरोक्त का अपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 290/26 धारा 115(2)/352/351(3)/105/3(5) बीएनएस थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

गिरफ्तार करने वाली थाना मंगलपुर पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री मोहनवीर सिंह
2. का0 478 सुमित चौधरी
3. का0 842 रघुराज